Girl's High School & College , Prayagraj
Worksheet No. 1
Session 2020-2021
Class VI (A, B, C, D, E, F)
Subject: - Hindi Literature

निर्देश - अभिभावकों से निवेदन है कि दिए गए गद्यांश को ध्यान से पढ़कर कठिन शब्दों को समझने और दिये गए प्रश्नों का उत्तर लिखने में छात्राओं की सहायता करें ।

Note : इस कहानी "हमारे पड़ोसी" को YouTube में https://www.youtube.com/watch?v=ziVfyHNreE8 **पर देखा जा सकता है ।**

पाठ - हमारे पड़ोसी (सुश्री देविका रंगाचारी)

एक दिन देविका और उसका जुड़वाँ भाई रवि खाली बैठे खिड़की से बाहर झाँक रहे थे, तब उन लोगो ने देखा कि उनके घर के सामने वाले घर में एक ट्रक आकर रुका । तब दोनों भाई बहन परेशान हो गए , क्योंकि पिछले महीने से वो और उसके दोस्त उस मकान के बगीचे में छुपा-छुपी और घास में 'खज़ाने' की खोज करते थे । खिड़की से अंदर देखने की कोशिश करते थे की अंदर से मकान कैसा है ।

देविका का भाई रवि कभी-कभी उसे डराता और कहता कि उस घर मे भूत है , मैंने उसकी आवाज सुनी हैं । देविका डर जाती और हाथ जोड़कर भगवान को याद करने लगती थी । दोनों परेशान थे की अब उस मकान के बगीचे में नहीं खेल पाएँगे । सुबह से बारिश हो रही थी इस कारण दोनों घर पर थे ।

दोनों खिड़की के पास खड़े होकर उस घर में रखे जाने वाले सामानों को देख रहे थे और लोगों को कीचड़ में फिसलकर गिरते हुए देखकर ज़बरदस्ती हँसने की कोशिश कर रहे थे । तभी देविका **स्तब्ध** रह गई और ज़ोर से चीख कर बोली 'अरे वे तो शंकर साहब हैं ' रवि भी **अविश्वासपूर्वक** देखता रहा । लंबे, पतले, और **चश्माधारी** सज्जन जो समान रखने वालों को निर्देश दे रहे थे वो तो सच में उनके गणित के अध्यापक शंकर साहब हैं । जिनका स्कूल में आतंक है । यह देखकर दोनों बहुत डर गए ।

दोनों अपनी मम्मी - पापा से **सहनुभूति** लेने के लिए गए । परंतु पापा तो नाराज़ हो गए , और गुस्सा होते हुए बोले क्या पड़ोसी भी तुम्हारी पसंद के आएंगे , मम्मी कहने लगीं अच्छी बात है , जब तुमको गणित में दिक्कत होगी तो वो तुम्हारी समस्या हल कर देंगे । दोनों भाई बहन निराश हो गए और सोचा कि स्थिति की **विकटता** के बारे मे इन लोगों को समझाने का कोई फायदा नहीं ।

फिर रवि और देविका ने यह बातें अपने मित्र को बताईं । माधुरी चिल्लाई और बोली , 'इतना बड़ा **संकट** !! फंस गए तुम दोनों' और उसके मित्र प्रदीप ने बोला 'अब तो तुम्हारा बस स्टॉप भी एक ही होगा' अगर तुम कुछ गड़बड़ी करोगे तो वो तुम्हारे माता पिता से तुम्हारी शिकायत करेंगे । दोनों सोच में पड़ गए, लगभग पूरे दिन असमंजस की स्थिति में रहे ।

देविका और रवि दोनों समझ गए थे की यदि वे स्कूल में कुछ गड़बड़ी करेंगे तो उसकी खबर उनके मता पिता को शंकर सर से मिल जाएगी इस कारण दोनों गणित की कक्षा में मन लगाने का बहुत **प्रयास** करते थे , लेकिन शंकर सर का चेहरा सामने आते ही बीज गणित (Algebra) की सारी बातें उनके दिमाग से निकल जातीं । जब एक दिन वह दोनों सर के साथ ही बस से उतरे , तब सर ने उनसे डपटकर पूछा कि "क्या तुम लोग यहीं रहते हो ?" उन्होंने कहा "जी सर" ।

देविका ने हिम्मत करके धीरे से कहा "हम आपके बगल के मकान में ही रहते है, सर ।" और फिर वो वहां से चले गए । रवि और देविका अब जान- बूझकर कर सुबह के समय बस के लिए देर से निकलते , चार पाँच दिनों तक दोनों ने ऐसा ही किया , और सर उन्हे **नाराज़गी** भरी नज़रों से देखते । छठे दिन , जब वे लोग देर से पहुंचे तब सर नाराज़ हो गए और डांटकर कर बोले "तुम लोग बस स्टॉप पर समय से क्यों नहीं पहुंचते ?" उन लोगों ने चुपचाप सर झुका लिया । अब वे लोग समय से बस स्टॉप पहुँचने लगे , और अब शंकर साहब के साथ उन्हे कई **पीड़ादायक क्षण** बिताने पड़े । वे कभी उनके अंकों के बारे में पूछते और यदि अंक कम आते तो वे गुस्सा करते थे । "तुम लोग आज कल बिलकुल नहीं पढ़ते हो," एक दिन वो गुस्से में बोले कि "या तो टी.वी देखते हो या तो समय बरबाद करते हो । इस के बारे में कुछ करना पड़ेगा ।"

शब्दार्थ

1) **स्तब्ध** : निश्चल , स्थिर

2) **अविश्वासपूर्वक** : बिना विश्वास के , मानो सच न हो

3) **चश्माधारी** : चश्मा पहने हुए

4) **विकटता** : भयानकता , गंभीरता

5) **संकट** : विपत्ति , परेशानी

6) **सहनुभूति** : हमदर्दी , संवेदना

7) **प्रयास** : कोशिश , चेष्टा

8) **पीड़ादायक क्षण** : कष्ट देने वाला पल

9) **नाराज़गी** : असंतोष, आक्रोश

Q1) दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

1) हमारे पड़ोसी कहानी की लेखिका का नाम लिखिए ।
2) रवि और देविका ने खिड़की से बाहर क्या देखा ?
3) दोनों क्यों परेशान हो गए ?
4) रवि देविका को क्या कह कर डराता था ?
5) पापा क्यों नाराज़ हो गए ?
6) बच्चे बस-स्टॉप पर देर से क्यों पहुँचते रहे ?
7) छठे दिन बस-स्टॉप पर देर से पहुँचने पर क्या हुआ ?

Q2) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये -

1) पड़ोसी बनकर ____________________ आए ।
2) माधुरी चिल्लाई और बोली , 'इतना बड़ा ____________________ !!
3) शंकर साहब ____________________ विषय के अध्यापक थे ।
4) रवि देविका का ____________________ भाई था ।
5) रवि और देविका घास में ____________________ की खोज करते थे ।

************************END*************************